0046898

K19U 3232

Reg. No. : ....

Name : ....

I Semester B.Com./B.B.A./B.B.A.T.T.M./B.B.A.R.T.M./B.T.T.M./B.B.M. Degree (CBCSS - Supplementary/Improvement) Examination, November 2019
(2014-2018 Admissions)
COMMON COURSE IN HINDI
1A07-1HIN : SRUJANAATMAK SAHITHYA

Time : 3 Hours Max. Marks : 40

I. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का विस्तृत उत्तर लिखिए। **(1 × 7 = 7)**

1. 'ठाकुर का कुआँ' कहानी में प्रेमचन्द ने किन-किन बातों पर प्रकाश डाला है?

2. 'एक गौ' कहानी की विशेषताओं को समझाइए।

II. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का विस्तृत उत्तर लिखिए। **(1 × 7 = 7)**

3. 'प्रियतम' कविता में निराला ने किस प्रकार के भक्त के बारे में बताया है?

4. 'बुनी हुई रस्सी' कविता का सारांश लिखिए।

III. कम से कम **125** शब्दों में किसी **एक** पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। **(1 × 3 = 3)**

5. चकवी बिछुरी रैणि की, आइ मिली परभाति
जे जन बिछुरे राम सूँ, ते दिन मिले न राति।।

6. किलकत कान्ह घुटरुवनि आवत।
मनिमय कनक नन्द कै आँगन, बिम्ब पकरिबै धावत
कबहुँ निरखि हरि आपु छाँह कौ, कर सौं पकरन चाहत
किलकि हाँसत राज द्वै दतियाँ, पुनि-पुनि तिहिं अवगाहत
कनक भूमि पर कर पगछाया, यह उपमा इक राजति
करि-करि प्रतिपद प्रमिमन बसुधा, कमल बैठकी साजति
बाल-दशा-सुख निरखि जसोदा, पुनि-पुनि नन्द बुलावति
अँचरा तर लै ढाँकि, सूर के प्रभु कौ दूध दियावति।।

P.T.O.

IV. कम से कम **125** शब्दों में किन्हीं **दो** पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। **(2 × 3 = 6)**

7. यह वह विश्वास नहीं, जो अपनीलघुता में भी कांपा
वो पीड़ा, जिसकी गहराई को स्वयं उसी ने नापा,
कुत्सा, अपमान, अवज्ञा के धुंधुआते कड़ुवे तम में
यह सदा द्रवित, चिर जागरुक अनुरक्त नेत्र
उल्लम्ब-बाहु, यह चिर अखंड अपनापा।

8. नभ-चुम्बी कैलाश-शीर्ष पर
महामेघ को झंझानिल से
गरज-गरज भिड़ते देखा है
बादल को घिरते देखा है।

9. पाप वह है
जो अधूरे मन से किया जाता है;
३और हर आवेग के बहाव के साथ
निर्विकार मुड़ जाएं
क्योंकि मैं ने सुना है
अब नदियाँ नही सूखेगी।

10. तुम्हारी पसलियों पर
मौसम की लटकती हुई जंजीर
हवा में हिलती है और
पशुओं की हरकतो से
तुम्हें आनेवाले खतरों की गन्ध
मिलती है।

V. कम से कम **125** शब्दों में किन्हीं **तीन** पर टिप्पणी लिखिए। **(3 × 3 = 9)**

11. कबीर की गुरुभक्ति पर प्रकाश डालिए।

12. 'बादल को घिरते देखा है' में चित्रित प्रकृति सौंदर्य

13. 'प्रौढ शिक्षा' का संदेश क्या है?

14. यह दीप अकेला में अक्षेय क्या कहना चाहता है?

15. 'आओ हम पथ से हट जाएँ' इस में बच्चन किस ओर हमारा ध्यान आकृष्ट करता है?

VI. कम से कम चार वाक्यों में किन्हीं **आठ** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **(8 × 1 = 8)**

16. सोमा बुआ का परिचय दीजिए।

17. हीरासिंह गाय बेचना क्यों नहीं चाहता था?

18. 'ठाकुर का कुआँ' में किस अन्याय की ओर इशारा किया है?

19. सूरदास के वात्सल्य वर्णन पर लिखिए।

20. सच्चा भक्त कैसा होना चाहिए?

21. 'प्रौढ शिक्षा' में धूमिल ने क्या-क्या बातें बतायी है?

22. 'अब नदियाँ नहीं सूखेंगी' का सार क्या है?

23. व्यष्टि और समष्टि का चित्रण यह दीप अकेला में है। कैसे?

24. 'बुनी हुई रस्सी' में क्या संदेश है?

25. बादल को घिरते देखा है - में किस कवि और काव्य का उल्लेख है?